DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

**T.B.C.**
**Serial No.**

**Test Booklet Series**

**A**

# TEST BOOKLET

## MODERN HISTORY TEST - 1

## BATCH - 4

**Time Allowed: 45 MINUTES** **Maximum Marks: 50**

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. You have to enter your **Roll Number** on the Test Booklet in the Box provided alongside. **DO NOT** write anything else on the Test Booklet.
3. This Test Booklet contains **25** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ONLY ONE response for each item.
4. You have to mark all your responses **ONLY** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
5. **All** items carry equal marks.
6. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
7. **Penalty for wrong answeres:**

**THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN ALL THE QUESTIONS**

There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer is given by the candidate, one-third of the marks assigned to that question will be deducted as penalty. If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a wrong answer even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question. If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be no penalty for that question.

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना **अनुक्रमांक** लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और **कुछ न लिखें।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका **25 प्रश्नांश** (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी और अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक ंश के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
4. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर **अलग** से दिए गए उत्तर पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
5. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
6. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
7. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

**सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

प्रत्येक के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए हेतु नियत किए गए अंकों का एक-तिहाई दण्ड के रूप में काटा जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उसके लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा। यदि उम्मीदवार द्वारा कोई हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उसके लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा।

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**ध्यान दें: अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुख्यपृष्ठ पर छपा है।**

# आधुनिक भारत का इतिहास टेस्ट - 1

**Q 1.** **द्वितीय कर्नाटक युद्ध के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह यूरोप में होने वाले प्रत्यक्ष आंग्ल-फ्रांसिसी संघर्ष का विस्तार था।
2. यह युद्ध पांडिचेरी की संधि के साथ समाप्त हुआ था।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) नतो 1, नही 2

**Q 2.** **प्रथम कर्नाटक युद्ध के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अंग्रेजों एवं फ्रांसीसियों के बीच 17वीं शताब्दी में लड़ा गया।
2. आस्ट्रिया में उत्तराधिकार के लिए युद्ध इसका एक प्रमुख कारण था।
3. अंग्रेजों ने फ्रांसीसियों को बुरी तरह पराजित कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2, 3

**Q 3.** **निम्नलिखित में कौन-सा/से कारण प्लासी युद्ध से संबन्धित है/हैं ?**

1. कर्नाटक युद्ध में सफलता से आत्म विश्वास में वृद्धि।
2. जहांगीर द्वारा जारी फरमान को लेकर विवाद।
3. काल कोठरी की दुर्घटना

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए;**

(a) केवल 1, 3

(b) 1, 2, 3

(c) केवल 3

(d) केवल2, 3

**Q 4.** **कर्नाटक युद्धों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रथम कर्नाटक युद्ध का प्रमुख कारण यूरोप में फ्रांस एवं ब्रिटेन के बीच ऑस्ट्रिया के उत्तराधिकार को लेकर संघर्ष था।
2. द्वितीय कर्नाटक युद्ध का प्रमुख कारण हैदराबाद तथा कर्नाटक में उत्तराधिकार को लेकर युद्ध था।
3. द्वितीय कर्नाटक युद्ध शुरू होने के साथ ही फ्रांसीसी गवर्नर डूप्ले को वापस फ्रांस बुला लिया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) केवल 1 तथा 2

(b) केवल 1 तथा 3

(c) केवल 2 तथा 3

(d) 1, 2 तथा 3

**Q 5.** **कर्नाटक युद्धों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

1. द्वितीय कर्नाटक युद्ध के दौरान फ्रांसीसी सेना एवं कर्नाटक के नवाब के मध्य सेंट टोमे का युद्ध हुआ था।
2. 1755 में पांडिचेरी की संधि के द्वारा द्वितीय कर्नाटक युद्ध का समापन हुआ था।
3. 1763 में पेरिस की संधि के द्वारा तृतीय कर्नाटक युद्ध समाप्त हुआ जिसमें फ्रांसीसियों ने यह वादा किया कि वो भारत में सेना नहीं रखेंगे। हालाँकि, भारत में व्यापार करने तथा किलेबंदी करने की उन्हें अनुमति प्रदान की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

(a) केवल 1 तथा 2

(b) केवल 1 तथा 3

(c) केवल 2

(d) 1, 2 तथा 3

**Q 6. प्लासी की लड़ाई के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

1. द्वितीय कर्नाटक युद्ध ख़त्म होने के अगले वर्ष ही प्लासी का युद्ध हुआ था।
2. प्लासी के युद्ध के प्रमुख कारणों में 1717 के फरमान( आदेश) के दुरूपयोग को लेकर विवाद भी एक प्रमुख कारण था।
3. इस लड़ाई में जीत के बाद पूर्वी भारत में राजनीतिक शक्ति के रूप में अंग्रेजों का उदय हुआ।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 तथा 2

(b) केवल 1 तथा 3

(c) केवल 2 तथा 3

(d) 1, 2 तथा 3

**Q 7. प्लासी की लड़ाई के परिणामों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

1. इसमें अंग्रेजों को एक बड़ी राशि मुआवजे तथा उपहार के रूप में मिली थी।
2. कंपनी द्वारा इससे व्यापार को बढ़ावा दिया गया तथा इससे प्राप्त धन का साम्राज्य विस्तार में प्रयोग किया गया था।
3. कंपनी को व्यापारिक रियायतें दी गयी थीं लेकिन कंपनी के कर्मचारियों को निजी व्यापार पर मुक्त व्यापार की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।
4. द्वितीय कर्नाटक युद्ध में बंगाल के संसाधनों की अहम् भूमिका थी।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 1 तथा 2

(c) केवल 2 तथा 3

(d) 1, 2 तथा 3

**Q 8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये -**

1. इलाहाबाद की सन्धि 1765 ई. में ईस्ट इंडिया कंपनी की ओर से रोबर्ट क्लाइव और बादशाह शाह आलम द्वितीय के मध्य हुई थी।
2. इस सन्धि के द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने कड़ा और इलाहाबाद के ज़िले शाहआलम द्वितीय को लौटाना स्वीकार कर लिया।
3. बादशाह ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी को बंगाल , बिहार और उड़ीसा की "दीवानी" (राजस्व वसूलने का अधिकार) सौंप दी।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3 तीनों।

**Q 9. इलाहाबाद की संधि के संदर्भ मे निम्नलिखित मे से कौन से कथन सही है/हैं ?**

1. प्रथम संधि क्लाइव एवं शुजाउद्दौला के मध्य सम्पन्न हुई।
2. कंपनी को मुगल सम्राट शाहआलम द्वितीय से बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दीवानी प्राप्त हुई।
3. कंपनी द्वारा अवध की सुरक्षा हेतु नवाब के खर्च पर एक अंग्रेजी सेना अवध में रखी गई।

**दिए गए कुटों के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**Q 10. निम्नलिखित घटनाओं को क्रमिक रूप से व्यवस्थित कीजिए-**

1. कर्नाटक का द्वितीय युद्ध
2. बंगाल में द्वैध शासन की शुरुआत
3. बक्सर का युद्ध
4. मीरकासिम को बंगाल का नवाब बनाया जाना।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग सही उत्तर चुनिये:**

(a) 1-3-4-2

(b) 1-4-3-2

(c) 4-1-3-2

(d) 4-3-1-2

**Q 11. आंग्ल-मैसूर युद्धों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये;**

1. प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध 1769 में चालू हुआ था तथा मद्रास की संधि के द्वारा युद्ध बराबरी पर समाप्त हुआ था।
2. द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध के दौरान ही हैदर अली की मृत्यु हो गई थी।
3. सभी मैसूर युद्धों में प्रारंभ से अंत तक निजाम एवं मराठों ने अंग्रेजों का साथ दिया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

(a) केवल 1 तथा 2
(b) केवल 1 तथा 3
(c) केवल 2 तथा 3
(d) 1, 2 तथा 3

**Q 12. टीपू सुल्तान के कार्यों में निम्नलिखित में कौन-सा/से शामिल किये जा सकते हैं:**

1. किसानों से भू-राजस्व के लिए प्रत्यक्ष संबंध तथा मध्यस्थों का दमन।
2. फ्रांस, तुर्की, अरब देशों आदि के साथ व्यापारिक संबंध।
3. चौथे मैसूर युद्ध से पूर्व सहयोग के लिए नेपोलियन को पत्र भेजना।

**उपर्युक्त कथन में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 तथा 2
(b) केवल 1 तथा 3
(c) केवल 2 तथा 3
(d) 1, 2 तथा 3

**Q 13. सहायक संधि के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसने भारत में ब्रिटिशों के अप्रत्यक्ष शासन के प्रारंभ को चिह्नित किया।
2. इसने राज्यों को आक्रामक पड़ोसियों के विरुद्ध सैन्य सुरक्षा की गारंटी का प्रस्ताव दिया।
3. शासक अपने विवेकाधिकार के अनुसार,विदेशी अधिकारियों को अपने दरबार में आने की अनुमति दे सकता था।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

**Q 14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पिंडारियों का दमन तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध से संबंधित एक महत्वपूर्ण घटना थी।
2. लार्ड वेलेजली तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध के समय ब्रिटिश गवर्नर-जनरल थे।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1,नही 2

**Q 15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. भारत में सहायक संधि के प्रथम प्रयोग का श्रेय डुप्ले को जाता है ।
2. भारत में एक व्यवस्थित नीति के रूप में सहायक संधि के विकास का श्रेय क्लाइव को जाता है ।
3. वेलेजली के सहायक संधि को स्वीकारने वाला प्रथम राज्य हैदराबाद था ।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही हैं/है ?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**Q 16. प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेशवा पद को लेकर टकराव इसका मुख्य कारण था।
2. 1775 में रघुनाथ राव ने अंग्रेजों के बाम्बे परिषद के साथ पेशवा पद के लिए संधि की।
3. 1782 में सालबाई की संधि द्वारा युद्ध बराबरी पर समाप्त हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) केवल 1 एवं 2

(b) केवल 2 एवं 3

(c) केवल 1 एवं 3

(d) 1, 2 एवं 3

**Q 17. सहायक संधि के प्रमुख प्रावधानों पर विचार कीजिये:**

1. संधिकर्ता राज्यों की सुरक्षा की जिम्मेवारी अंग्रेजों/कम्पनी पर होगी।
2. इसके प्रतिफल में सुरक्षा के बदले में सम्बन्धित राज्य अंग्रेजों को संप्रभुता युक्त भू-भाग देंगे।
3. इन राज्यों की विदेश नीति भी कंपनी के द्वारा संचालित होती थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**Q 18. वेलेजली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसके द्वारा टीपू सुल्तान को चतुर्थ आंग्ल - मैसूर युद्ध में पराजित किया गया।
2. सहायक संधि के माध्यम से अनेकों भारतीय राज्यों पर ब्रिटिश प्रभुसत्ता स्थापित की।
3. भारत में डेनमार्क के व्यापारी केंद्र यथा ट्रेंकोबार एवं सेरामपुर पर नियंत्रण स्थापित किया गया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और3
(d) 1, 2 और 3

**Q 19. वेलेजली के द्वारा लागू किए गए सहायक संधि के प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. संधिकर्त्ता राज्य के सुरक्षा की जिम्मेवारी अंग्रेजों/कंपनी पर होगी तथा इसके एवज में कंपनी संप्रभुता युक्त भूभाग ग्रहण करेगी।
2. कंपनी की अनुमति के बिना संधिकर्ता राज्य किसी यूरोपीय को अपनी सेवा में नहीं रखेंगे, लेकिन वे अमेरिकन को बिना अनुमति के अपनी सेवा में रख सकते थे।
3. प्रत्येक राज्यों में एक ब्रिटिश रेजिडेंट होगा, जो आतंरिक मामलों में घोषित तौर पर हस्तक्षेप कर सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 तथा 2
(c) केवल 1 तथा 3
(d) केवल 2 तथा 3

**Q 20. अंग्रेजों द्वारा सिंध विजय के कारणों के संदर्भ में विचार कीजिये:**

1. अफगानिस्तान में अंग्रेजों को होने वाले नुकसान से उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची थी, इस प्रतिष्ठा की भरपाई के लिए ।
2. अफगानिस्तान व पंजाब के विरुद्ध युद्ध की स्थिति में सिंध का क्षेत्र अंग्रेजों के लिए उपयोगी हो सकता था ।
3. सिंध की सीमा समुद्र से भी लगती थी और सिंध का बाजार और कच्चे माल की दृष्टि से भी महत्व था ।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) उपर्युक्त में कोई नहीं
(d) 1, 2 और 3

**Q 21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. प्रथम अफगानिस्तान युद्ध में, सिंध ने अंग्रेजों को पूर्ण संरक्षण दिया, फिर भी 1843 में नेपियर के द्वारा सिंध को जीता गया।
2. अफगानिस्तान युद्ध से ब्रिटिश प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची थी, उसकी भरपाई तथा सिंध के सामरिक एवं व्यापार के दृष्टिकोण से महत्व के कारण अंग्रेजों ने 1843 में सिंध को जीता।

**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है ?**

(a) कथन-1 और कथन- II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या है
(b) कथन-1 और कथन- II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है
(c) कथन-1 सही है किन्तु कथन- II गलत है
(d) कथन-I गलत है किन्तुकथन-IIसहीहै

**Q 22.** **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. 1790 के दशक में, पंजाब में सुकरचकिया मिस्ल के रणजीत सिंह ने धीरे-धीरे एक विस्तृत साम्राज्य की स्थापना की।
2. इनके साम्राज्य में न केवल वर्तमान पाकिस्तान का एक बड़ा भू-भाग; बल्कि भारतीय पंजाब, हिमाचल एवं कश्मीर का क्षेत्र भी शामिल है।
3. रणजीत सिंह के शासन के दौरान पंजाब में शांति एवं स्थिरता बनी रही।
4. सिख धर्म के अनुयायी होने के बावजूद, समाज के सभी संप्रदायों की धार्मिक स्वतंत्रता बनी रही और हिन्दू मुस्लिम एवं अन्य धर्मों से भी योग्य लोगों को शासन में शामिल किया गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

(a) केवल दो

(b) केवल तीन

(c) सभी चार

(d) कोई भी नहीं

**Q 23.** **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. रणजीत सिंह ने फ्रांसीसियों एवं अन्य यूरोपीय देशों के सहयोग से न केवल आधुनिक सेना, बल्कि विशाल सेना का गठन किया।
2. एशिया में ईस्ट इंडिया कंपनी के पश्चात, दूसरी विशाल सेना रणजीत सिंह की ही थी।
3. रणजीत सिंह ने अमृतसर एवं लाहौर में तोप बनाने का कारखाना लगाया।
4. रणजीत सिंह की सेना में जर्मन, रूसी, फ्रांसीसी इत्यादि देशों के नागरिक भी शामिल थे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी चार

(d) कोई भी नहीं

**Q 24.** **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध 1843 से 46 के मध्य हुआ।
2. प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध का कारण अंग्रेजों की महत्वाकांक्षा तथा अंग्रेजों के द्वारा, युद्ध के लिए सिखों को उकसाना था।
3. प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध में लाल सिंह, तेज सिंह जैसे सिख सेनापतियों का अंग्रेजों का साथ दिया।
4. युद्ध में सिखों की पराजय हुई तथा 1846 में लाहौर की संधि एवं भैरोवाल की अनुपूरक संधि की गई, जो कि सहायक संधि की तरह ही थी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी चार

(d) कोई भी नहीं

**Q 25.** **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. ब्रिटिश साम्राज्य विस्तार के दृष्टिकोण से, अफगानिस्तान भारतीय साम्राज्य की सुरक्षा, सिंध एवं पंजाब पर नियंत्रण, मध्य एशिया से व्यापार तथा रूस को भारत को अलग रखने के दृष्टिकोण से महत्व रखता था।
2. अग्रगामी नीति के तहत अंग्रेजों ने प्रथम-आंग्ल अफ़गान युद्ध में अफगानिस्तान पर प्रत्यक्ष नियंत्रण की नीति अपनाई।
3. प्रथम आंग्ल-अफ़गान युद्ध के पश्चात अंग्रेजों ने अफगानिस्तान के प्रति 'कुशल अकर्मण्यता की नीति' का अनुपालन किया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं